आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 42 लखनऊ, मंगलवार 14 फरवरी 2023 से 20 फरवरी 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## जी–२० समिट का हुआ शुभारंभ, सीएम योगी बोले–डिजिटल तकनीक आज की सबसे बड़ी जरूरत है

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में जी–२० समिट का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ देर पहले किया। सीएम योगी ने इस बैठक में शामिल जी–२० देशों के प्रतिनिधियों के साथ ही केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव, महेन्द्रनाथ पांडेय का स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल तकनीक आज की सबसे बड़ी जरूरत है और उत्तर प्रदेश में इसका इस्तेमाल कर हमारी सरकार ने कई बड़े अच्छे नतीजों को हासिल किया है। सीएम योगी ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश में बड़ा वर्क फोर्स है, और सभी को रोजगार देने के लिए सरकार तकनीक का इस्तेमाल कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा दे रही है। सीएम ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा जल संसाधान हो या कृषि उत्पादन क्षेत्र, उत्तर प्रदेश इसमें टॉप पर है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के ८० हजार राशन दुकानों पर डिजिटल तकनीक के जरिये ई–पास मशीन का इस्तेमाल शुरू किया। इसके नतीजे में जिन लोगों को शिकायत थी कि उन्हें राशन नहीं मिलता है वो तो दूर हुई ही, साथ ही १५०० करोड़ लोगों को समुचित राशन वितरण करने में सरकार को १२०० करोड़ रुपये की सालाना बचत भी हुई। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया ने कोविड –१६ का सामना किया, जिसमें बहुत सी जानें गयीं। उन्होंने कहा कि यूपी में ४० करोड़ लोगों का टीकाकरण हो या फिर टेस्टिंग



इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर हमने सफलता पाई। सीएम योगी ने बताया कि आंगनबाड़ी कर्मियों को टेबलेट और स्मार्टफोन वितरण के जरिये गाँवों में सामुदायिक और चिकित्सीय सेवाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश में ई–ऑफिस प्रणाली भी लागू की गयी है। सीएम योगी ने बताया कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के जरिये राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ६१ लाख बच्चों को ड्रेस और किताबों के लिए उनके अभिभावकों के खाते में पैसा भेजा जा रहा है। इसके आलावा वृद्धजनों, विधवा महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों को भी इसी स्कीम के जरिये आर्थिक सहायता दी जाती है। सीएम ने कहा कि हमारे प्रदेश में तकरीबन एक करोड़ छात्रों को भी कई तरह की वित्तीय सहायताओं में डीबीटी स्कीम का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि जी–२० समिट की थीम वसुधैव कुटुंबकम रखी गयी है,जो हमारे देश का प्राचीनतम स्लोगन है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ही ज्ञान का प्रसार करने का पक्षधर रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से पारदर्शी व्यवस्था को बनाने के हम लगातार प्रयास जारी रखेंगे। सीएम ने इस मौके पर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दो दिवसीय कार्यक्रम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेशकों के लिए निवेश सारथी का ऑनलाइन प्लेटफार्म मौजूद है,जिससे उनकी सभी समस्याओं का समाधान बड़ी आसानी से हो जाता है। साथ ही उद्यमियों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेन्स की सुविधा भी सरकार की तरफ से दी जा रही है।

## हाईस्कूल के छात्रों के लिए विज्ञान चेतना हेल्पलाइन की शुरुआत

लखनऊ। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के बाद अब हाईस्कूल के छात्रों के लिए विज्ञान चेतना हेल्पलाइन की शुरुआत १४ फरवरी को होगी। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर ६४१५६६४६७६ जारी किया गया है। हेल्पलाइन का निर्देशन मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार करेंगे। जेडी माध्यमिक सुरेन्द्र तिवारी के कार्यालय में स्थापित इस हेल्पलाइन पर लखनऊ मंडल के सभी जिलों के हाईस्कूल के परीक्षार्थियों के सवालों के जवाब दिए जाएंगे। हेल्पलाइन पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, हिन्दी, अंग्रेजी के विषय विशेषज्ञ छात्रों का समाधान करेंगे। हेल्पलाइन टीम हाईस्कूल के मुख्य विषयों के कम समय मे विषयगत तैयारी करते करते हुए अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सभी जरूरी टिप्स देगी, इसके साथ ही परीक्षार्थियों के हर सवाल का जवाब भी दिया जाएगा। – डा।. दिनेश कुमार, मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडलीय

## भरोसे के लिये लोगों को सुनना जरूरी, अधिकारों को बुलडोजर के नीचे कुचलना नहीं: प्रियंका गांधी वाद्रा

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को जम्मू–कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शांति और विश्वास के लिए आम लोगों की बात सुनना जरूरी है न कि ”बुलडोजर के नीचे उनके अधिकारों को कुचलना“। कांग्रेस, नेशनल कन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस अभियान के खिलाफ अपनी चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी के सभी उपायुक्तों को सात जनवरी से जम्मू–कश्मीर में सरकारी जमीन से १०० प्रतिशत अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करने के निर्देश के बाद अब तक जम्मू–कश्मीर में



१० लाख कनाल (एक कनाल = ६०५ वर्ग गज) से अधिक भूमि को पुनः कब्जे में लिया जा चुका है। हिंदी में किए गए एक ट्वीट में प्रियंका ने आरोप लगाया कि लद्दाख में अपने संवैधानिक अधिकारों की बहाली की मांग कर रहे लोगों के साथ ज्यादती की जा रही है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, ”कश्मीर में आम जनों की सुनवाई किए बिना उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ”देश लोगों से बनता है। शांति व भरोसे के लिए आम लोगों की बात सुनना जरूरी है, न कि उनके अधिकारों को बुलडोजर तले कुचलना।“ उन्होंने जम्मू–कश्मीर में बेदखली अभियान पर मीडिया में आई खबरों के स्क्रीन शॉट भी ट्वीट के साथ संलग्न किए।

## खींचे शहर की खूबसूरत तस्वीरें, जीतें पुरस्कार

लखनऊ। जी–२० शिखर सम्मेलन व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए शहर सज–धजकर तैयार है। जिसकी खूबसूरत तस्वीरें भेजने पर लखनऊ विकास प्राधिकरण पुरस्कार देगा। इसके लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कांटेस्ट लेकर आया है। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि शहरभर में विकास व सुंदरीकरण के विभिन्न कार्य कराए गए हैं। जिनकी खूबसूरती कार्यक्रम में शिरकत करने आए मेहमानों के साथ शहरवासियों को भी खूब लुभा रही है। खासकर युवा वर्ग शहर की ऐतिहासिक इमारत, पार्क, स्मारक, मुख्य चौराहे व मार्गों पर लगाए गये स्कल्पचर, म्यूरल्स, जी–२० लोगो, वॉल पेंटिंग, हॉर्टिकल्चर वर्क एवं लाइटिंग की फोटो व वीडियो बना रहे हैं और दूरदराज रहने वाले अपने परिचितों को भेज रहे हैं। ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्राधिकरण कांटेस्ट लेकर आया है। जिसके लिए मोबाइल से फोटो व वीडियो बनाने पर प्रतियोगिता के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। ऐसे प्रतिभागी दो मिनट का वीडियो बनाना होगा व अलग–अलग स्थलों की १५ फोटो खीचनी होगी। जो प्राधिकरण के ट्विटर, फेसबुक व इंस्टाग्राम हैंडल को टैग करते हुए **#vibrantlucknow** के साथ १५ फरवरी शाम ५ बजे तक अपलोड करना है। ई–मेल आईडी **g20withlda@gmail-com** पर भी भेज सकते हैं।

## सीआईडी क्लब को हरा कर क्रिकेट बड्डीज ने दर्ज की खिताबी जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच अंशुल कपूर (६१) और सौरभ सिंह (नाबाद ५१) के अर्द्धशतकों की बदौलत क्रिकेट बड्डीज क्लब ने प्रथम व्यूज एडवरटाइजिंग प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब सीआईडी क्लब को १६ रन से हराकर जीत लिया। जीसीआरजी ग्राउंड पर खेले गए फाइनल में क्रिकेट बड्डीज ने निर्धारित २० ओवर में ४ विकेट पर १५२ रन का स्कोर बनाया। अंशुल कपूर ने ४६ गेंदों पर ७ चौके से ६१ रन की पारी खेली। सौरभ सिंह ने नाबाद ५१ रन बनाये। सीआईडी क्लब से अरुण शर्मा, अमरदीप सिंह और ष्णा सिंह को एक–एक विकेट मिला। जवाब में सीआईडी क्लब ने १८.२ ओवर में १३३ रन ही बना सका। मोहम्मद समी ने ४८ रन बनाये। क्रिकेट बड्डीज से जयदेव बिष्ट और अरविंद मिश्रा ने ३–३ जबकि मोहित ने २ विकेट हासिल किये। अंशुल कपूर और संजय सिंह को एक–एक विकेट मिला।



विशेष पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज अंशुल कपूर (क्रिकेट बड्डीज), सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सौरभ सिंह (क्रिकेट बड्डीज), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अरविंद मिश्रा (क्रिकेट बड्डीज), सर्वश्रेष्ठ फील्डर मनोज सिंह (फाइन सिटी) और सर्वश्रेष्ठ विकेटकी पर धीरज (द दिल्ली कैफे) चुने गए।

# सम्पादकीय

## गंभीरता से चर्चा किए जाने की जरूरत

संसद के मौजूदा सत्र में दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को लेकर विपक्ष में जो रोष नजर आ रहा है, उस पर गंभीरता से चर्चा किए जाने की जरूरत है। खासकर जिस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं के भाषणों के कई हिस्सों को कार्यवाही से निकाला गया, उसका तर्क समझना लोगों को मुश्किल हो रहा है। अभी इस बात पर चर्चा चल रही थी कि राहुल गांधी को नोटिस जारी होने की खबर आई। दो सांसदों ने स्पीकर से शिकायत की की गौतम अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिश्तों का जिक्र कर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का अपमान किया है। अब राहुल गांधी को बुधवार तक इस बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है कि उनके खिलाफ विशेषाधिकार की कार्यवाही क्यों नहीं चलाई जानी चाहिए। इस बीत तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा बार–बार यह शिकायत जता रही हैं कि भाजपा ने अलग–अलग विपक्षी नेताओं के लिए अपने अलग–अलग सांसदों की ड्यूटी तय कर रखी है, जो उनके भाषणों के दौरान लगातार व्यवधान पैदा करते रहते हैं। स्पीकर इस पर विपक्षी नेताओं को अपेक्षित संरक्षण देने में विफल रहते हैं। उधर राज्यसभा में सभापति पर विपक्ष का आरोप है कि वे खुद विपक्षी नेताओं के भाषणों से लगातार टीका–टिप्पणी करते रहते हैं। साथ ही सत्ता पक्ष की मंशा के मुताबिक निर्णय लेते हैं। जाहिर है, ये सभी बेहद गंभीर आरोप हैं। प्रश्न यह है कि विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने के मंच के रूप में संवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है? अगर सत्ता पक्ष सचमुच ऐसा नहीं करना चाहता है, तो उसे इस सिलसिले में विपक्ष से तुरंत संवाद स्थापित करना चाहिए और उसकी शिकायतों को दूर करना चाहिए। वरना देश के एक बड़े जनमत के भीतर यह राय गहराती जाएगी कि भाजपा अपने भारी बहुमत का इस्तेमाल संसद और संसदीय प्रक्रियाओं को अप्रासंगिक बनाने के लिए कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी होगी।

## सीएमयोगी ने किया डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन

लखनऊ । यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ देर पहले डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राजधानी के एक होटल में लगी प्रदर्शनी में आधार, मेक माय इंडिया, दूरसंचार विभाग समेत कई स्टाल को सीएम योगी ने देखा। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। आज सीएम योगी जी–२० समिट की बैठक का शुभारम्भ करेंगे। इस बैठक में जी–२० में शामिल देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।



ये बैठक तीन दिन तक चलेगी,जिसमें डिजिटल करेंसी, डिजिटल पेमेंट समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। गौरतलब है कि भारत जी–२० देशों की अध्यक्षता कर रहा है। इन देशों का विश्व की अर्थव्यवस्था में तकरीबन ७० फीसदी की हिस्सेदारी है। यूपी के चार शहरों आगरा, लखनऊ, वाराणसी और गाजियाबाद में जी–२० समिट की बैठक आयोजित की जायेगी। जी–२० की थीम वसुधैव कुटुंबकम रखी गयी है।

## समिट के बाद अयोध्या आए उद्योगपतियों को प्रोजेक्ट लगाने के लिए जमीन का टोटा

लखनऊ। यूपी ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट में भाग लेने आए बड़े–बड़े उद्योगपति और धन्नासेठों ने समिट सम्पन्न होने के बाद उत्तर प्रदेश के पयर्टन स्थल का रूख कर लिया है। मथुरा–काशी से लेकर अयोध्या तक में उद्यमी जा रहे हैं, तो यहां वह निवेश की संभावनाएं भी तलाश रहे हैं। खासकर अयोध्या जहां प्रभु श्री रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है, वहां कई उद्यमी होटल, गेस्ट हाउस या धर्मशाला बनाने के लिए इच्छुक नजर आ रहे हैं, लेकिन उनको इसके लिए जमीन हासिल करना रेत में सुईं तलाशने जैसा हो गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि २०२० में अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बनने का रास्ता जब से कोर्ट के आदेश के बाद खुला है उसके बाद यहां की जमीन की कीमतें अचानक से आसमान के रेट छूने लगी है। इतना ही नहीं मौके का फायदा उठाते हुए सभी दलों के कई सफेदपोश और नौकरशाहों ने यहां की जमीन पहले ही से अपने या अपने रिश्तेदारों के नाम से खरीद कर डाल दी है। इसके अलावा काफी जमीन संत– महात्माओं ने धार्मिक कार्यक्रम के लिए ले रखी है। स्थिति यह है कि मंदिर के आसपास करीब २०–३० किलोमीटर तक १०–१५ हजार रूपए वर्गफिट तक जमीन ही उपलब्ध नहीं है। दरअसल, प्रभु राम लला की जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद रामलला के मंदिर निर्माण और नई अयोध्या के विकास ने हर व्यक्ति के मन में यह लालसा पैदा कर दी है कि रामनगरी में



उसकी जमीन हो। इस मांग ने अयोध्या के रियल एस्टेट में बूम ला दिया है। जमीन की कीमतें बढ़ गई हैं। इसी बीच कुछ माह पूर्व अयोध्या विजन डॉक्यूमेंट की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी का कहना कि अयोध्या के विकास को एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन केंद्र और एक स्थायी स्मार्ट शहर के रूप में देखा जा रहा है। पीएम के इस बयान ने अयोध्या में जमीन खरीद रहे लोगों में विश्वास पैदा कर दिया है। प्रॉपर्टी डीलरों और स्थानीय निवासियों ने बताया कि राम मंदिर के १० किमी के दायरे में संपत्ति की कीमतें सालाना पांच से सात प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं, पर नवंबर २०१६ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से इसमें लगभग चार से छह गुना वृद्धि देखी गई है। अयोध्या जिले के स्टाम्प और पंजीकरण विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि संपत्ति की बढ़ती कीमतों के साथ, भूमि लेनदेन (संपत्ति पंजीकरण) में भी २०१७–१८ और २०२०–२१ के बीच २०० प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। अयोध्या स्टाम्प और पंजीकरण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष २०१७–१८ में जिले में कुल ५,६६२ भूमि लेनदेन पंजीकृत हुए, जबकि २०१८–१६ में यह संख्या १५,०८४ हो गई। वर्ष २०१६–२० में, कुल १६,२८५ भूमि तो वित्तीय वर्ष २०२०–२१ में १६,८१८ भूमि लेनदेन पंजीकृत हुए। स्टांप और पंजीकरण विभाग के अफसरों के अनुसार, विभाग ने २०१८–१६ में भूमि पंजीकरण से राजस्व के रूप में ११२.३५ करोड़ रुपए मिले तो वर्ष २०१६–२० में १२५.५१ करोड़ रुपए और वर्ष २०२०–२१ में १५१.६८ करोड़ रुपए कमाए गए। आज की स्थिति यह है कि अब अयोध्या में कोई नया प्रोजेक्ट लगाने के लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं है।

## शिवपाल यादव ने जमकर की नितिन गडकरी की तारीफ

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री को धन्यवाद भी दिया है। बताते चलें कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने लखनऊ आये थे। इस दौरान



उन्होंने मंच से स्वर्गीय राममनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव को याद किया और उनसे जुड़े संस्मरण भी सुनाये। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि राजनीती में अच्छी बातों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसको लेकर शिवपाल यादव ने गडकरी का आभार व्यक्त किया है।

## एनसीसी छात्राओं के अग्निवीर बनने की राह हुई आसान

लखनऊ। २० यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन के १४ कॉलेजों के २८५ एनसीसी बालिका कैडेटों ने पुलिस लाइन में प्रैक्टिकल परीक्षा में भाग लिया। प्रैक्टिकल परीक्षाओं में कंपास से डिग्री पढ़ना, मानचित्र में अपनी और अन्य स्थानों को रेखांकित करना, हथियारों को खोलना, जोड़ना और उनके हिस्से–पुर्जों के नाम शामिल हैं। कमान अधिकारी कर्नल विनोद जोशी ने बताया स्वास्थ्य और उपचार, दिशाओं की पहचान, संचार और उनके माध्यम भी परीक्षा में शामिल हैं। कमान अधिकारी ने आगे बताया आगामी १६ फरवरी को राष्ट्र व्यापी लिखित परीक्षा होगी, जिसमें १७ निदेशालय के कैडेट भाग लेंगे। तीन वर्षों की गहन ट्रेनिंग और कैंपों के बाद सी सर्टिफिकेट की परीक्षाएं होती है। सी सर्टिफिकेट में 'ए' और 'बी' ग्रेडिंग प्राप्त कैडेट यूपीएससी की लिखित परीक्षा दिए बिना सर्विस सेलेक्शन बोर्ड में जाते हैं और एनसीसी स्पेशल कमीशन के अंतर्गत ७० रिक्तियां प्रति ६ माह में उपलब्ध है। भारतीय कमीशन के साथ एनसीसी कैडेट अग्निवीर के द्वारा सशस्त्र बलों में बिना लिखित परीक्षा के सिपाही भी बनते हैं। कैप्टन (डॉ.) उषा रानी सिंह ने बताया सी सर्टिफिकेट उत्तीर्ण गर्ल्स कैडेट पैरा मिलिट्री फोर्स, राज्य पुलिस और होमगार्ड में भी शामिल होती है। कैप्टन (डॉ.) मोनिका श्रीवास्तव ने बताया एनसीसी गर्ल्स कैडेटों का सर्वांगीण व्यक्तित्व परिष्ट करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बालिका कैडेट हथियारों को खोलना, जोड़ना और हथियारों से फायर करना सीखते है। विभिन्न राष्ट्रीय और प्रदेशीय कैम्पो में भाग लेते हैं जो उन्हें सामूहिक ट्रेनिंग, खानपान और रहन–सहन सिखाता है। बटालियन का प्रयास है कि बेहतरीन सैन्य ट्रेनिंग गर्ल्स कैडेटों को दी जा सके। कर्नल विनोद जोशी ने बताया समाज और राष्ट्र के तीव्र विकास के लिए रूढ़िवादी समाज से ऊपर उठकर बालिकाओं को ऊंचे अवसर देने होंगे। प्रैक्टिकल परीक्षाओं के बाद विभिन्न कॉलेजों की कंपनियों के बीच हथियारों द्वारा ड्रिल प्रतियोगिता हुई और विजयी कंपनी को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें नेताजी सुभाश चंद्र बोस गर्वमेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज विजेता रहा। प्रैक्टिकल परीक्षाओं में विभिन्न कालेजों के १० एसोसिएट एनसीसी अफसर, केयरटेकर अफसर, जीसीआई, १५ थलसेना प्रशिक्षक, सिविल स्टाफ शामिल रहा ।

## मनरेगा की साइट में सुधार नही

लखनऊ। मनरेगा की वेबसाइट में सुधार नहीं हो सका है। इस कारण जिला व मुख्यालय में किसी तरह के काम नहीं हो रहे हैं। करीब एक माह से साइट में तकनीकी खराबी होने से काम ठप है। मनरेगा के सभी काम ऑनलाइन वेबसाइट पर किए जाने लगे हैं। जिसमें मस्टर रोल बनाना, भुगतान करना, जब कार्ड बनाना, श्रमिकों की हाजिरी लगाना समेत अन्य काम शामिल हैं। एक माह से वेबसाइट में तकनीकी समस्या है। जिस कारण सर्वर न आने के कारण किसी तरह के काम नहीं हो पा रहे हैं। सभी जिलों की यह स्थिति है। जिससे मनरेगा से जुड़े सभी कार्य ठप हैं। श्रमिकों को नया काम नहीं मिल रहा है और पीछे के कामों का भुगतान नहीं हो पाया है। इधर, विभाग भी किसी तरह का ऑनलाइन कार्य नहीं कर पा रहा है। एक माह से सुधार न होना समस्या बनती जा रही है। पिछले सप्ताह तीन से चार घंटे तक सर्वर आया था। लेकिन, कार्य नहीं हो पाए थे। इस मामले पर अपर आयुक्त मनरेगा का मोबाइल फोन न उठने के कारण संपर्क नहीं हो सका।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय का १०वां दीक्षांत समारोह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मेधावियों को किया सम्मानित

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय का १०वां दीक्षांत समारोह आज मनाया गया।




समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मु शामिल हुईं। इसके अलावा दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत अन्य लोग भी शामिल हुए। वहीं दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ३८०८ छात्रों को डिग्री बांटी। इसके अलावा आठ मेधावियों को गोल्ड मेडल और दो को आरडी सोनकर अवार्ड दिया।

बता दें कि जिन्हें राष्ट्रपति के हाथ से मेडल मिला उनमें यूपी पुलिस के डीजी ट्रेनिंग के पद पर तैनात साइबर सिक्योरिटी से एमएस करने वाले संजय तरडे, सोनम मीना एमएससी हर्टिकल्चर, आराध्या श्रीवास्तव (बीएससी फूड एंड साइंस टेक्नोलजी), शैली (एमएससी हॉर्टिकल्चर), दीक्षा संघमित्रा, आर्य अनुकुमार, सुरजीत कुमार (बीटेक इन कंप्यूटर इंजीनियरिंग) दिलीप वर्मा, अमर दीप कुमार बादल हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे बताया गया है कि आज डिग्री पाने वाले ४२: और मेडल पाने वाली ६०: लड़कियां हैं। ये बहुत ही खुशी की बात है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भगवान के सामान हैं। उन्होंने कुछ ऐसा किया था कि आज मैं आपके सामने खड़ी हूं। NIPER vkSj IIT BHU के साथ सहयोग करके विश्वविद्यालय आगे बढ़ रहा हैं। इसकी मैं सराहना करती हूं। बाबासाहब के जीवन मे जीतनी कठिनाई और चुनौतियों थी, उनकी कामयाबी भी उतनी ही ज्यादा बड़ी थी। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा है।

# लखनऊ राजा लाखन पासी की धरती है, बोले- स्वामी प्रसाद मौर्य


लखनऊ। रामचरितमानस पर विवादित बयान देकर चर्चा में आए समाजवादी पार्टी के नेता और एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य का एक तरफ जहां हिंदू संगठन के



लोग और भाजपा कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं तो वहीं उनकी पार्टी में भी उनके खिलाफ आवाज उठने लगे हैं। लेकिन इन सबके बीच एक बार फिर से स्वामी प्रसाद ने लखनऊ का नाम बदले जाने के मामले पर अलग राग छेड़ दिया है। लखनऊ का नाम बदले जाने को लेकर अब स्वामी प्रसाद मौर्य ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि लखनऊ राजा लाखन पासी की धरती रही है। उनकी राजधानी रही है। लखनऊ का नाम लाखन पासी की पत्नी लखनावती के नाम पर रखा गया था। लक्ष्मण का लखनऊ में कोई योगदान नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर लखनऊ का नाम बदलना है तो राजा लाखन पासी के नाम पर रखिए क्योंकि लक्ष्मण का कोई योगदान नहीं है। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट पर निसाना साधते हुए सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि इससे पहले भी प्रदेश में इंवेस्टर्स समिट हुई हैं। सरकार को बताना चाहिए कि अब तक कितना निवेश जमीन पर उतरा और कितने नौजवानों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि आज नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। ये जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला है।

# १२ पैसे प्रति यूनिट बिजली दरें बढ़ाने का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग ने किया खारिज

लखनऊ। बिजली कंपनियों द्वारा साल की दूसरी तिमाही में फ्यूल सरचार्ज के मद में १२ पैसे प्रति यूनिट बिजली दरें बढ़ाने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने खारिज कर दिया है, जिससे बिजली कंपनियों द्वारा फ्यूल सरचार्ज के नाम पर बिजली दर बढ़ाने की कोशिश पर पानी फिर गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि बिजली कंपनियों के प्रस्ताव के मुद्दे पर उन्होंने सोमवार को नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्य बीके श्रीवास्तव से मुलाकात कर विधिवत चर्चा की। जिसके बाद आयोग की तरफ से यह आश्वासन दिया गया कि उपभोक्ताओं पर फ्यूल सरचार्ज के नाम पर कोई अतिरिक्त भार नहीं डाला जाएगा।



उपभोक्ताओं पर बिजली कंपनियों का कोई पैसा नहीं निकल रहा है। फ्यूल सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव परीक्षण में खरा नहीं पाया गया है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन के प्रथम संशोधन के आधार पर जुलाई–सितंबर के बीच उपभोक्ताओं का ही फ्यूल सरचार्ज के मद मे करीब १००० करोड़ रुपये सरप्लस कंपनियों पर निकल रहा है। जिसके आधार पर जुलाई से सितंबर माह के बीच उपभोक्ताओं की बिजली दरों में ३० से ३१ पैसे प्रति यूनिट की कमी आनी चहिए। नियामक आयोग से मांग की गई है कि पावर कारपोरेशन के प्रस्ताव को खारिज करते हुए दूसरी तिमाही में बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के निकल रहे सरप्लस धनराशि के एवज में बिजली दरों में कमी की जाए।

# २५ फरवरी से ४ मार्च तक इस वजह से बंद रहेगी शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली

लखनऊ। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम बिलिंग प्रणाली को आसान बनाने के लिए तकनीक के उच्चीकरण का कार्य कराने जा रहा है। इस कार्य के चलते निगम के सभी १६ जिलों के शहरी क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली सात दिन तक बंद रहेगी, जिसमें लखनऊ के अलांवा बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूं, पीलीभीत, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती शामिल है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की जनसंपर्क अधिकारी शालिनी यादव ने बताया कि निगम के सभी जिलों के शहरी क्षेत्र में बिलिंग प्रणाली के उच्चीकरण का कार्य कराया जाएगा, जिसके चलते २५ फरवरी से शाम ६ बजे से ४ मार्च दोपहर १२ बजे तक शहरी बिलिंग प्रणाली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस अवधि में शहरी क्षेत्र में बिल बनाने, विभागीय काउंटर पर बिल जमा करने, बिल संशोधन, नाम परिवर्तन, विधा परिवर्तन एवं भार वृद्धि का कार्य बाधित रहेगा। इस दौरान प्री पेड विद्युत उपभोक्ताओं के बिल जमा करने एवं आटोमैटिक री कनेक्शन का कार्य भी बाधित रहेगा। ग्रामीण क्षेत्र की बिलिंग प्रणाली पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

# रेल यात्रियों के खुशखबरी! यूपी में चलाई जाएंगी अधिक से अधिक लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेनें

लखनऊ। यूपी में आम यात्रियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुये रेलवे अधिक से अधिक लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही ट्रेनों का संचालन शुरू किया जायेगा। इससे २०० से ३०० किमी तक रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को ट्रांसपोर्ट की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। जनरल क्लास की सुविधाओं को बढ़ाया जायेगा। एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में अधिक से अधिक जनरल क्लास के कोच लगाये जायेंगे। गरीब व मध्यमवर्गीय रेल यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा देना रेलवे का लक्ष्य है। उक्त बात सोमवार को भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (इरीटीएम) लखनऊ में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कही। इस दौरान प्रोबेशनर आईआरटीएस और उत्तर रेलवे, उत्तर–पूर्वी रेलवे और आरडीएसओ के अधिकारियों के साथ यात्री सुविधा, रेलवे परियोजनाओं, अनुसंधान को लेकर विस्तार से बातचीत की। रेलमंत्री ने कहा कि रेलवे का कोई निजीकरण और निगमीकरण नहीं किया जा रहा है। रेलवे में सेवाओं का



विलय नहीं। कोयले, यात्रियों, खाद्यान्न आदि की बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता है। रेलवे २५० किमी से १००० किमी तक यात्रा करने वाले यात्रियों पर ध्यान देगा। इसके अलावा तेजी के साथ रेल इन्फ्राट्रक्चर नेटवर्क को विस्तार दिया जायेगा। २०२३ तक यूपी में ६० से अधिक स्टेशन विश्वस्तरीय स्टेशन बनकर तैयार हो जायेगी। वहीं मालगाड़ियों को रफ्तार देने के लिए फ्रेट कॉरिडोर निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे ११० किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से मालगाड़ी चलाई जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत ५ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, हमें मौलिक रूप से बदलना होगा। निधि आवंटन में कोई परेशानी नहीं होगी। रेलवे के नेटवर्क का विस्तार करने की जरूरत है। कार्गो को मालगाड़ी का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि मालगाड़ी को कार्गो का इंतजार करना चाहिए। गुड्स शेड और टर्मिनलों को बेहतर बनाने के लिए बेहतर कदम उठाएं। निजी भागीदारी के बीच उचित अनुपात होना चाहिए। कोई शॉर्टकट नहीं, एक समय में २–३ वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करें और अखंडता बनाए रखें।

# अधिकारी इन्वेस्टर्स समिट व जी–२० कार्यक्रम में लगे, अधर में अलाया हादसे की जांच

लखनऊ। अलाया अपार्टमेंट हादसे में कार्रवाई तो दूर की बात इस मामले की जांच तक शुरू नहीं हुई है। अपार्टमेंट से जुड़ी फाइलें गायब हैं, जिसकी रिपोर्ट बनाने के लिए गठित लखनऊ विकास प्राधिकरण की कमेटी ने किसी तरह का काम नहीं किया है। कमेटी में शामिल अधिकारी इन्वेस्टर्स समिट व जी–२० कार्यक्रम में लगे हैं। जिस कारण मामला लंबित है। २४ जनवरी को हजरतगंज क्षेत्र के वजीर हसन रोड पर गिरे पांच मंजिला अपार्टमेंट हादसे में कार्रवाई होते नजर नहीं आ रही है। क्योंकि, इन्वेस्टर्स समिट व जी–२० कार्यक्रम में अधिकारियों की ड्यूटी होने के कारण जांच शुरू तक नहीं हो पाई है। जबकि घटना हुए २० दिन हो चुके हैं। अब कार्यक्रम खत्म होने के बाद अधिकारी सक्रिय होंगे। जिनके लिए जांच करना मुश्किल साबित होगा। क्योंकि, अपार्टमेंट से जुड़ी सभी फाइलें गायब हैं। फाइलों की बजाय रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जानी है। जिसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी




बनाई गई है। जो २००६–१४ तक फाइलों में लगे अभिलेखों की रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को सौंपेगी। फिलहाल यह मामला ठंडा है। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में ज्यादातर अधिकारियों की ड्यूटी लगी है। कार्यक्रम खत्म होने के बाद इस मामले की जांच करेंगे।

# लोकसभा में नोटिस मिलने पर राहुल गांधी बोले, मैंने किसी का अपमान नहीं किया, सच्चाई हमेशा सामने आती है

नई दिल्ली। उद्योगपति गौतम अडानी को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त वार–पलटवार का दौर चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। हालांकि, राहुल गांधी के भाषण के बाद और संसदीय टिप्पणी के लिए उन्हें लोकसभा द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है। अब इसी नोटिस को लेकर राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया बोली है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि मैंने संसद में कुछ भी गलत नहीं बोला है। चाहे तो कोई भी गूगल कर सकता है। गांधी ने कहा कि संसद में मेरे भाषण के कुछ अंश हटा दिए गए। मैंने किसी का अपमान नहीं किया। कांग्रेस नेता ने साफ तौर पर कहा कि मैंने जो कहा उसके संबंध में मुझे सबूत दिखाने के लिए कहा गया था और मैंने लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने सबूत के साथ हर बिंदु को हटा दिया है। अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं है कि मेरे शब्दों को रिकॉर्ड पर जाने दिया जाएगा। देश के पीएम सीधे तौर पर मेरी



बेइज्जती करते हैं लेकिन उनकी बातों को ऑफ द रिकॉर्ड नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि आपका नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं। राहुल ने कहा कि सच्चाई हमेशा सामने आती है। आपको बस इतना करना है कि जब मैं बोल रहा था तो मेरे चेहरे और उनके चेहरे को देखना था। देखिए कितनी बार पीएम ने पानी पिया और कैसे पानी पीते हुए उनके हाथ कांप रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम को लगता है कि वह बहुत शक्तिशाली हैं और लोग उनसे डर जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह भारत के पीएम हैं। क्योंकि एक दिन उन्हें अपनी सच्चाई का सामना करने के लिए मजबूर किया जाएगा। राहुल ने कहा कि इस देश में हर किसी के लिए संसद की कार्यवाही देखना, देश में क्या हो रहा है और पीएम और अडानी के बीच सांठगांठ को समझना महत्वपूर्ण है। दूसरी ओर लोकसभा सचिवालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में टिप्पणी को लेकर विशेषाधिकार हनन के नोटिस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से १५ फरवरी तक जवाब तलब किया है। सचिवालय ने गांधी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों की ओर से दिये गये विशेषाधिकार हनन नोटिस पर जवाब देने को कहा है।

# धर्म परिवर्तन के मामले मे पुलिस ने १६ लोगों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद के थाना बदलापुर क्षेत्र स्थित मुरादपुर कोटिला गांव की मौर्य बस्ती में ईसाई धर्म का प्रचार–प्रसार कर लोगों को लालच देते हुए धर्म परिवर्तन कराने के मामले पुलिस ने १६लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में सेंट जेवियर्स स्कूल बदलापुर के प्रबंधक समेत दस लोगों को नामजद किया है तथा अन्य अज्ञात के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों में नौ नामजद हैं। देहात पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में नामजद सेंट जेवियर्स स्कूल बदलापुर के प्रबंधक थमस जोसफ, दिनेश कुमार मौर्य, जय




प्रकाश गौतम, समर बहादुर, दुर्गा प्रसाद , कमलेश ,रामअजोर, आशीष कुमार, संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सिंह ने बताया कि इनके अलावा सात अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि इन सबके खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गौरतलब हैं कि पूर्व में हिंदू गौरव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बक्शा थाना क्षेत्र के औंका गांव निवासी प्रमोद कुमार शर्मा ने पुलिस को शनिवार की रात सूचना दी कि ग्राम मुरादपुर कोटिला में सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक थमस जोसफ और फादर दिनेश मौर्य गांव की मौर्य बस्ती में ईसाई धर्म का प्रचार–प्रसार कर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं और मौके पर कई लोग मौजूद हैं।

# पांच जोन और १२ सेक्टरों में बांटा गया जनपद

अयोध्या। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष २०२३ की परीक्षाएं १६ फरवरी से शुरू हो जाएंगी जो ४ मार्च को समाप्त होंगी। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को नकलमुक्त, शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए जनपद अयोध्या को पांच जोन और १२ सेक्टरों में बांटा गया है। जिले के सभी १३३ परीक्षा केंद्रों पर एक–एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जा चुकी है। जिले में ८३ हजार ७३५ परीक्षार्थी हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों के हर पल की जानकारी लाइव टेलीकास्ट की जाएगी। इसके लिए राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में मनिटरिंग सेल बनाया गया है। यहां १५ कम्प्यूटर लगाए गए हैं, जिससे सभी १३३ केन्द्रों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के प्रश्नपत्र भी यहां पहुंच रहे हैं। हाईस्कूल व इंटर की करीब ८ लाख उत्तर पुस्तिकाओं में से साढे" ४ लाख कापियां पहुंच चुकी हैं। जिले में ११ परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। यहां पुलिस और खुफिया विभाग के कर्मचारी नकल माफियाओं पर खास नजर रखेंगे। प्रश्नपत्र किसी भी तरीके से आउट न हो पाएं, इसके लिए परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल व इंटर के प्रश्न पत्रों को डबल लॉक में रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाये गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि परीक्षा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जिला प्रशासन, पुलिस और विभाग के आपसी समन्वय से परीक्षा को नकल मुक्त व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने की रणनीति बनायी जा चुकी है। परीक्षा केन्द्रों के बाहर ही परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की जाएगी। परीक्षा केन्द्र के भीतर किसी भी तरीके के इलेक्ट्रानिक यंत्र, मोबाइल या पेपर नहीं ले जाने दिया जाएगा। प्रश्नपत्रों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में खोला जाएगा। कक्ष निरीक्षकों व अन्य कार्मिकों की उपस्थित यूपी बोर्ड के साफ्टवेयर पर दर्ज की जाएगी। बोर्ड परीक्षा २०२३ के परीक्षार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र अयोध्या में निशुल्क निर्देशन परामर्श का आयोजन रोज सुबह १० बजे से शाम ४ बजे तक किया जा रहा है। मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र के मनोवैज्ञानिक राम निहोर व प्रवक्ता मनोविज्ञान डॉ.जंगजीत कुमार के अनुसार परीक्षा फोबिया, तनाव, चिंता, पढ़ने में मन न लगना, बेतुकी बातों में उलझा रहना, उदास रहना, अनिद्रा, बेचैनी तथा सिरदर्द होना आदि जैसी समस्याओं से ग्रस्त छात्र–छात्राएं मंडलीय मनोविज्ञान केन्द्र से समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरित मंडलीय मनोविज्ञान के हेल्पलाइन नम्बर ८७०७३१४३६२ पर भी परीक्षार्थी ऑनलाइन सम्पर्क कर परामर्श ले सकते हैं।

# हमारी सरकार ने दूरगामी सुधार किए हैं, व्यापार के अनुकूल बना माहौल : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। बेंगलुरु में एयरो इंडिया २०२३ के CEO राउंडटेबल कॉन्क्लेव को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की ५वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और एक रोमांचक भविष्य की ओर अग्रसर है। हमें उम्मीद है कि अगले ५ साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योग हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालकों में से एक है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी लोकतांत्रिक वैधता और सामाजिक जनादेश के साथ नीति निर्माण, सुविधा और विनियमन का काम कर रही है। दूसरी ओर निजी उद्यमियों द्वारा फर्म स्तर पर समाज के संसाधनों के इष्टतम उपयोग की जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और एक रोमांचक भविष्य की ओर अग्रसर है। हमें उम्मीद है कि अगले पांच साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योग हमारी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालकों में से एक है। इसके सामरिक महत्व और जबरदस्त मूल्य सृजन क्षमता के कारण, सरकार ने इसे एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया है जो हमारे आत्मनिर्भरता मिशन को बढ़ावा देगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत जैसे आकार और वैश्विक प्रमुखता वाला देश आयातित हथियारों पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि ऐसी निर्भरता अनिवार्य रूप से हमारे देश की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करेगी। २०१४ से, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य का



सख्ती से पालन किया गया है। राजनाथ ने साफ तौर पर कहा कि हमारा उद्देश्य देश में एक जीवंत और विश्व स्तरीय रक्षा निर्माण उद्योग का पोषण करना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, हमारी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में दूरगामी सुधार के उपाय किए हैं, जिसका उद्देश्य व्यापार के अनुकूल माहौल बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने नई और गतिशील इकाइयों के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है। हमने विदेशी ओईएम को आसानी से भारत में सुविधाएं स्थापित करने की अनुमति देने के लिए एफडीआई की सीमा बढ़ा दी है। डवक ने निजी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा उपयोग के लिए सरकार के स्वामित्व वाली परीक्षण और परीक्षण सुविधाओं को खोला।

# वेलेंटाइन डे के तोहफे के नाम पर महिला से ठगी

मुंबई। मुंबई की ५१ वर्षीय एक महिला से सोशल मीडिया पर एक शख्स ने वेलेंटाइन डे पर तोहफा भेजने के बहाने ३.६८ लाख रुपये ठग लिए। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। खार पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शादीशुदा महिला ने पिछले बुधवार को इंस्टाग्राम पर एलेक्स लोरेंजो नाम के एक शख्स से दोस्ती की थी। उन्होंने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया कि उस व्यक्ति ने बाद में महिला को बताया कि उसने उसे वेलेंटाइन डे का तोहफा भेजा है जिसके लिए उसे पार्सल प्राप्त करने के बाद ७५० यूरो का शुल्क देना होगा। अधिकारी ने कहा कि बाद में, महिला को एक कूरियर कंपनी से एक संदेश मिला कि पार्सल क्योंकि स्वीकार्य सीमा से अधिक भारी था, इसलिए उन्हें ७२,००० रुपये का अतिरिक्त शुल्क देना होगा, जिसका भुगतान महिला ने किया। उन्होंने बताया कि कथित कूरियर कंपनी के प्रतिनिधियों ने महिला से फिर से संपर्क किया और कहा कि उन्हें पार्सल में यूरोपीय मुद्रा मिली है और धन शोधन के आरोप से बचने के लिए उसे २,६५,००० रुपये देने होंगे। अधिकारी ने बताया कि महिला ने फिर राशि का भुगतान किया। हालांकि, जब महिला को उस व्यक्ति द्वारा भेजे गए पार्सल को प्राप्त करने के लिए फिर से ६८,००० रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो उसे संदेह हुआ। अधिकारी ने कहा कि जब उसने राशि का भुगतान करना बंद कर दिया, तो लोरेंजो ने उसे यह कहते हुए धमकी देना शुरू कर दिया कि वह उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करेगा और उन्हें उसके परिवार के सदस्यों के साथ भी साझा करेगा। महिला ने बाद में खार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काला कपड़ा दिखाया

वाराणसी। श्रीरामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी से नाराज भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने रविवार को वाराणसी के टेंगरा मोड़ पर नारेबाजी करते हुए समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले के सामने काला कपड़ा दिखा कर अपना विरोध जताया। रामनगर पुलिस ने बताया कि मौर्य रविवार को वाराणसी से सोनभद्र जाने के लिए निकले थे, अभी उनका काफिला टेंगरा मोड़ पर पहुंचा ही था कि भाजपा कार्यकर्ता 'जय श्री राम' और 'हर–हर महादेव' का उद्घोष करते हुए सामने आ गए और काला कपड़ा दिखा कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने सपा नेता के कार पर काला कपड़ा भी फेंका। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को रोक कर स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को तत्काल सोनभद्र के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। विरोध प्रदर्शन करने वाले भाजपा कार्यकर्ता दीपक ने कहा कि स्वामी प्रसाद को श्री रामचरितमानस पर अपने विवादित बयान के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए और यदि वे माफी नहीं मांगते हैं तो आगे भी उनका विरोध किया जाएगा और उन्हें काशी



नहीं आने दिया जाएगा। इससे पहले सपा नेता मौर्य ने कहा था, "धर्म का वास्तविक अर्थ मानवता के कल्याण और उसकी मजबूती से है। अगर श्री रामचरितमानस की किन्ही पंक्तियों के कारण समाज के एक वर्ग का जाति, वर्ण और वर्ग के आधार पर अपमान होता हो तो यह निश्चित रूप से धर्म नहीं बल्कि अध् ार्म है। रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों (दोहों) में कुछ जातियों जैसे कि तेली और कुम्हार का नाम लिया गया है। मौर्य ने कहा था, इन जातियों के लाखों लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। इसी तरह से रामचरितमानस की एक चौपाई यह कहती है कि महिलाओं को दंड दिया जाना चाहिए। यह उनकी (महिलाओं) भावनाओं को आहत करने वाली बात है जो हमारे समाज का आधा हिस्सा हैं। अगर तुलसीदास की रामचरितमानस पर वाद–विवाद करना किसी धर्म का अपमान है, तो धार्मिक नेताओं को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा महिलाओं की चिंता क्यों नहीं होती। क्या यह वर्ग हिंदू नहीं है? उन्होंने कहा था, "रामचरितमानस के आपत्तिजनक हिस्सों को प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिये, जिनसे जाति वर्ग और वर्ण के आधार पर समाज के एक हिस्से का अपमान होता है। मौर्य के इसी बयान पर भाजपा कार्यकर्ता नाराज हैं।

# इन्वेस्टर्स समिट जनता के साथ धोखा, हिसाब दे सरकार : कांग्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को जनता के साथ धोखा बताते हुये प्रदेश कांग्रेस ने योगी सरकार से अब तक हुई इंवेस्टर्स समिट में निवेश के धरातल पर उतरने का ब्योरा सार्वजनिक करने की मांग की है। पार्टी के अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि प्रदेश में हुयी 'ग्लोबल इवेंट समिट' के जरिये जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रूपया पानी की तरह बहा दिया गया। यह इन्वेस्टर्स समिट जनता के साथ धोखा है। इसके पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तीन बार इस तरह की इन्वेस्टर्स समिट हो चुकी हैं। खाबरी ने कहा कि फरवरी २०१८ में चार लाख २८ हजार करोड़ रूपये के लगभग एक हजार कंपनियों के साथ निवेश का एमओयू साइन हुआ था। कितनी कंपनियां जमीन पर आई उसका ब्यौरा अभी तक नहीं मिल पाया है। इस समिट के लिए देश की बड़ी बड़ी इवेंट मैनेजमेंट एजेन्सियां लगाई गई। सरकार को इसका खुलासा करना चाहिए कि वह कौन कौन सी एजेन्सियां हैं जिस पर कितना व्यय हुआ है तथा उन्हें लगाने की प्रक्रिया कौन सी अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि पिछले समिट में कितना व्यय हुआ और कितना निवेश आया उसके साथ ही इस बार के खर्च का भी ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पूरा प्रदेश महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रहा है। नौजवान रोजगार के लिये पलायन के लिए मजबूर है, लघु उद्योग पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। सरकार को अब तक के हुए सभी इन्वेस्टर्स समिट पर 'श्वेत पत्र' जारी करना चाहिये।

# संसद में गूंजी बुंदेलखंड राज्य की मांग

नई दिल्ली। भाजपा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल लोकसभा में सोमवार को केंद्र सरकार से बुंदेलखंड को अलग प्रांत बनाने की मांग की। चंदेल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि बुंदेलखंड एक अलग तरह का क्षेत्र है जहां सरकार को जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ वहां रोजगार, पर्यटन आदि पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मांग की कि बुंलेदखंड के विकास ) के लिए इसे अलग राज्य बनाया जाना चाहिए। उत्तराखंड से भाजपा सांसद तीरथ सिंह रावत ने जोशीमठ में भूमि धंसने और घरों में दरार पड़ने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में केंद्र से मांग की कि पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों के दूरगामी परिणाम को देखते हुए एक मास्टरप्लान बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जोशीमठ की घटनाओं के बाद मीडिया आदि के माध्यम से ऐसा माहौल बना, मानो यह क्षेत्र खत्म हो गया, जबकि ऐसा नहीं है। रावत ने कहा कि जोशीमठ में स्थिति सामान्य की ओर लौट रही है और शासन–प्रशासन की तरफ से प्रभावितों के कल्याण के लिए एवं पुनर्वास के कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। जोशीमठ को लेकर जैसा माहौन बना, वैसी भयावह स्थिति नहीं है। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि कल से बद्रीनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं और लोगों में डर की भावना न हो।

# पुलिस ने शातिर मामा–भांजा को किया गिरफ्तार

बाराबंकी। बाराबंकी में पुलिस ने शातिर मामा–भांजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा मामा का भांजा एक नहीं बल्कि दो हैं। ये शातिर मामा–भांजा की तिकड़ी घरों में घुस कर चोरी करती थी जिसके बाद पुलिस ने दो सगे भाइयों और उनके मामा को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार, बाराबंकी की लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मोध् ापुर मोड़ पर चोरी करने से पहले दोनों भांजों ने पहले घूम–घूम कर इलाके के घरों की रेकी की थी, फिर अपने मामा को उसके बारे में बताते जानकारी दी और तीनों मिलकर यहां चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। १० फरवरी को नेरा कबूलपुर गांव के राकेश कुमार वर्मा ने थाने में तहहीर दी कि उनके घर से चोरों ने सोने–चांदी के जेवरात और नकद रुपये चोरी कर लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर २४ घंटे के अंदर ही अभिषेक उर्फ भोंदू, जीतू और संतोष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का सारा सामान और नकदी बरामद कर ली है. पुलिस ने बताया कि आरोपियों अभिषेक उर्फ भोंदू और जीतू सगे भाई हैं, जबकि लखनऊ का रहने वाला संतोष इनका मामा है। इन्होंने पूछताछ में बताया कि इनका गिरोह बाराबंकी, लखनऊ और आस–पास के जनपदों के अलग–अलग क्षेत्रों में रेकी कर चोरी को अंजाम देता है। पूछताछ में तीनों ने कबूल किया कि ये तीनों हर वारदात से पहले योजना तैयार करके ही रात में चोरी करते थे। चोरी के समय तीनों में से एक चोर बाहर रहता था, और बाकी दो घर में घुसते थे। इसके बाद माल समेट कर तीनों आपस में बांट लेते थे। लेकिन इस बार पुलिस ने इनका प्लान फेल कर दिया और इन्हें बंटवारा करने से पहले ही धर दबोचा।

# खुदाई के दौरान प्राचीन बंदूक और तलवार बरामद

रायबरेली। महुए के पेड़ की जड़ निकाले जाने के दौरान प्राचीन बंदूक और तलवार बरामद हुई है। जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने सभी शस्त्र को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामला गुरबख्शगंज थाना इलाके का है। यहां के ददौर में आशीष कुमार नाम के व्यक्ति अपनी जमीन पर गिर चुके महुए के पेड़ की जड़ निकलवा रहे थे। उसी दौरान जेसीबी का ब्लेड किसी चीज से अटककर फंस गया। किसी तरह जेसीबी का ब्लेड निकालकर फावड़े से वहां खुदाई की गई तो एक ठुकवा बन्दूक और तीन तलवारें बरामद हुईं। महुआ के झाड़ के नीचे बंदूक और तलवार मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शस्त्र को कब्जे में लिया है। महुआ के पेड़ के नीचे बरामद हुई बंदूक और तलवार की बनावट मुगलकालीन प्रतीत हो रही है। ऐसा समझा जा रहा है कि किसी ने छिपाकर महुआ के जड़ के नीचे इन शस्त्रों को रखा था। सैकड़ों वर्ष पुराने इन शस्त्रों को देखने के लिए काफी लोग मौके पर पहुंचे थे। एसडीएम सदर शिखा संखवार ने बताया कि बरामद हुए शस्त्रों की जांच के लिए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# रामचरितमानस मुद्दे पर सपा में जंग जारी, स्वामी प्रसाद ने सपा विधायक पर किया पलटवार

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य अपने विवादित बयानों को लेकर यूपी की सियासत में लागतार सुर्खियों में हैं। लेकिन अब वो रामचरितमानस के मुद्दे पर अपनी ही पार्टी के विध




ायक के निशाने पर आ गए हैं। जिसके बाद वो सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह पर पटलवार कर उन्हें बच्चा बताया है। दरअसल, सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने तीखा पलटवार करते हुए कहा, 'वो दूध पीता बच्चा है। मैंने महिलाओं और दलितों पर लिखी गई चौपाइयों को संसोधित करने की बात कही है।' जबकि इससे पहले सपा विधायक ने कहा था, ष्रामचरितमानस पर या फिर प्रभु राम पर कोई टिप्पणी कर रहा है, तब न तो वो सनातनी हो सकता है और न ही सच्चा समाजवादी हो सकता है।' इस मामले पर सपा विधायकर ने आगे कहा, ष्सच्चा समाजवादी वो ही हो सकता है जो डॉ राम मनोहर लोहिया ने जो बात कही है उस बात को माने। अगर बिना कुछ जाने और बिना कुछ समझे अगर वो रामचरितमानस पर टिप्पणी कर रहे हैं तो ये अमर्यादित है। अगर हम जनप्रतिनिधि हैं तो हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारी टिप्पणी से कितने लोगों के मन को ठेस पहुंच रही है। कितने लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं।'

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने सतीन मोटरसाइकिल सवार की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में सिधौली–बिस्वा मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सिधौली के पुलिस के क्षेत्राधिकारी यदुवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात हुयी इस घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि मरने वाले तीनों व्यक्ति एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान आनंद गुप्ता, उसके चाचा हनुमान प्रसाद और जितेंद्र पाल के रूप में की गयी है। सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राज्य में फिर एक बार भाजपा सरकार की गूंज : मोदी

नई दिल्ली। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अपने चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का त्रिपुरा में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लेफ्ट–कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने एक बार फिर से भाजपा सरकार के लिए मन बना लिया है। त्रिपुरा के गांव–गांव में सड़क बन रही है। भाजपा सरकार में जबरदस्त विकास हुआ है। त्रिपुरा में परिवर्तन साफ साफ दिखाई दे रहा है। डबल इंजन सरकार के चलते आधुनिक एयरपोर्ट बने हैं। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने त्रिपुरा में सुशासन दिया है। त्रिपुरा के लोगों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकास की पहली शर्त कानून व्यवस्था का राज है। कम्युनिस्ट शासन ने त्रिपुरा को विनाश के कगार पर धकेल दिया था। त्रिपुरा के लोग उस अराजक स्थिति को कभी नहीं भूल सकते जिसमें कार्यकर्ताओं ने जीवन के हर पहलू को बंधक बना लिया था। उन्होंने



कहा कि कम्युनिस्टों ने तीन दशकों तक त्रिपुरा पर शासन किया और हर चुनाव से पहले राजनीतिक विरोधियों को मार डाला। त्रिपुरा में भाजपा की सरकार पिछले २५–३० वर्षों के कम्युनिस्ट शासन के दौरान खोदे गए गड्ढे को भरने के लिए दिन–रात काम कर रही है। मोदी ने कहा कि मैं त्रिपुरा के लोगों को एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि वामपंथी और कांग्रेस कभी भी त्रिपुरा का विकास नहीं कर सकते हैं और चाहते हैं कि त्रिपुरा के लोग गरीब ही रहें। उनका एक ही एजेंडा है अपनी तिजोरी भरना। भाजपा नेता ने कहा कि बीमारी की हालत में इलाज का खर्च किसी भी गरीब के लिए सबसे बड़ी चिंता होती है। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार श्आयुष्मान योजनाश लेकर आई है। इस योजना के घ्तहत त्रिपुरा के करीब २ लाख लोगों ने अस्पताल में अपना मुफ्त इलाज करवाया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के डबल लाभ का एक और उदाहरण है श्पीएम–किसान योजनाश। श्पीएम–किसान योजनाश के तहत किसानों को दी जाने वाली सम्मान निधि की राशि ६,००० रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर ८,००० रुपए किया जाएगा।

## वृंदावन योजना के आस-पास और शहर के अधिकांश इलाकों से अतिक्रमण हट गए

लखनऊ। किसके एक इशारे पर शहर से अतिक्रमण हट गये, जहां इससे पहले हर तरफ अतिक्रमण का ही बोल–बाला था। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) और जी २० सम्मेलन की तैयारियों को लेकर वृंदावन योजना के आस–पास और शहर के अधिकांश इलाकों से अतिक्रमण हट गए हैं। यह तब है जब अधिकारियों की जान पर बन आयी। वृंदावन योजना में विवादित जमीन को भी खाली करा लिया गया है। इससे साफ है कि अधिकारी चाहें तो शहर में अतिक्रमण और जाम की समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है। शहर में जब भी प्रधानमंत्री का आगमन हो या फिर कोई बड़ा आयोजन अतिक्रमण पर अधिकारियों का चाबुक चलने लगता है। मुख्य मार्गों पर पटरी दुकानदार, खान–पान की दुकानें, ठेले, गुमटी और सड़क पर बेतरतीबी से खड़े हो रहे वाहनों पर नगर निगम और पुलिस विभाग कार्रवाई शुरू कर देता है। कार्यक्रम तक शहर अतिक्रमण मुक्त हो जाता है। लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के साथ ही फिर अतिक्रमण की खुली छूट दे दी जाती है। यह इस बात की ओर भी इशारा करता है कि जिम्मेदार विभागों की मौन सहमति के बाद ही शहर में जगह–जगह अतिक्रमण का बोल–बाला है। वृंदावन योजना के सेक्टर ६ स्थित कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर मुख्य मार्ग पर खाली पड़े भूखंड पर निर्माण सामग्री योजना की सूरत बिगाड़ रही है। सड़क के दोनों ओर आवास विकास की इस बेशकीमती जमीन पर कोयला, सीमेंट के ब्लक, गमले और बस रखकर अतिक्रमण किया गया है। कार्रवाई के नाम पर विभाग के अधिकारी इस जमीन को विवादित बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। लेकिन आयोजन से ठीक पहले इस जमीन से अधिकारियों ने अतिक्रमण हटवा लिया। वृंदावन




योजना में शहीद पथ के पास सेक्टर १० में ४५ मीटर चौड़ी सड़क पर शाम होते ही खान–पान की दुकानें सड़क पर लग जाती थीं। सेक्टर दो में डेंटल अस्पताल के पीछे और पीजीआई से वृंदावन योजना के प्रवेश द्वार पर मुख्य मार्ग पर सड़क पर दुकानदारों का अतिक्रमण रहता था। जिम्मेदार विभागों की सख्ती के बाद अब सभी दुकानें यहा से गायब हैं। जो कार्यक्रम समाप्त होने के साथ ही वापस अपनी जगह पर आ जाएंगी। आयोजन को लेकर हजरतगंज में मोती महल लन के बाहर नर्सरी की दुकानें भी हटायी जा चुकी हैं। जबकि यहां नगर निगम ने यहां वेंडिंग जोन बनाकर पटरी दुकानदारों को लाइसेंस दिया है। लेकिन ये दुकानदार आधी सड़क तक पेड़–पौधे रखकर अतिक्रमण कर लेते थे। जिससे यहां रोज जाम की समस्या बनी रहती थी।

## मामूली विवाद में दबंगों ने एलएलबी छात्रों पर धारदार हथियार से किया हमला

लखनऊ। चिनहट कोतवाली में दो एलएलबी छात्रों को मामूली विवाद में दबंगों ने धार हथियार से वार कर लहूलुहान कर दिया है। इस वारदात में एक छात्र के सिर पर २१ टांके आए हैं। जब दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। चिनहट स्थित मल्हौर में अमेटी कॉलेज के छात्र कार्तिकेय जायसवाल और हर्ष मोहन जो कि कॉलेज के हॉस्टल में ही रह कर पढ़ाई करते हैं शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे दोनो हॉस्टल के बाहर चाय पीने गये थे। वहां पर मामूली बात पर उनका विवाद सरफराज, अनुराग दुबे और अशरफ हारून से हो गया। कार्तिकेय ने बताया कि आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों समेत उन पर हमला बोल दिया और हर्ष के सिर पर धारदार हथियार के वार से गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोग हस्तक्षेप करने आए तो हमलावर छात्रों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। आनन–फानन में पुलिस ने दोनों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। कार्तिकेय ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक उसे सिर पर २१ टांके आए है। जबकि उसके साथी हर्ष मोहन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे केजीएयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पीड़ित छात्र ने बताया कि दबंग उनकी पिटाई कर रहे थे तो लोगों का हुजूम वहां एकत्र हो गया। लेकिन किसी ने भी उन्हें बचाने की जहमत नहीं की। लोग मारपीट का वीडियो बनाने लगे। हालांकि, कुछ देर बाद स्थानीय लोग दबंगों की तरफ दौड़े। थाना प्रभारी अलोक राव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## बदमाशों से भिड़ी महिला, ऑटो से गिरकर हुई चोटिल

लखनऊ। गोमतीनगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत में बाइक सवार बदमाशों ने ऑटो से जा रही महिला का पर्स छीन लिया। इसके बाद महिला लुटेरों से भिड़ गई, लेकिन ऑटो से गिरकर वह जख्मी हो गई। कैंट कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नीलमथा निवासिनी सीमा धर्माधिकारी गत गुरुवार शाम की वह ऑटो से हुसड़िया जा रही थीं। चौराहे पर जाम लगा था। इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से झपट्टा मार कर उनका पर्स खींच लिया। जिसके बाद वह लुटेरों से भिड़ गई। छीना झपट्टी में वह ऑटो से सड़क पर आ गिरी। जिससे पर्स से उसकी पकड़ छूट गई। पीड़िता ने बताया कि पर्स में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व एटीएम कार्ड थे। थाना प्रभारी गोमतीनगर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर गहनता से जांच की जा रही है।

## पिता को मार्मिक पत्र लिख छात्रा ने की आत्महत्या

लखनऊ। राजधानी के इंदिरा नगर में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है छात्रा के शव पास पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें मरने से पहले छात्रा ने जिंदगी से तंग आने की बात लिखी है। छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा है कि पापा मैं आपकी अच्छी बेटी नहीं बन पाई। जिंदगी से तंग आ गई हूं सरी। मृतक छात्रा का नाम हेमू बताया जा रहा है। हेमू गुप्ता (२१) बीकम की पढ़ाई कर रही थी और साथ ही बैंकिंग की तैयारी कर रही थी। हेमू के पिता संजय गुप्ता ने बताया कि उनकी बेटी इधर कुछ दिनों से परेशान थी। वह कोचिंग भी नहीं जा रही थी। बताया जा रहा है कि यह घटना शनिवार के दोपहर की है। उस समय हेमू अपने कमरे में थी और उनकी मां मां घर के नीचे स्थित दुकान में काम कर रही थी। कुछ जरूरत पड़ने पर उन्होंने हेमू को फोन किया, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो वह बेटी को देखने के लिए ऊपर कमरे में पहुंच गई। कमरे का नाजारा देखते ही वह बेहोश होकर गिर गई। उनकी बेटी फंदे से लटक रही थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शव के पास पड़े सुसाइड नोट के आधार पर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सुसाइड नोट में हेमू ने लिखा की मां–बाप की अच्छी बेटी नहीं बन पाई और न अच्छी बहन... सरी।

## टायर फटने से नाले में गिरी कार, एक की मौत, 3 जख्मी

हरदोई। सीतापुर जिले के मिश्रिख में दवाखाना चला रहे डाक्टर अपने परिवार के साथ मिश्रिख जा रहे थे,उसी बीच मेडिकल कालेज के पास बेटे अर्थव,२१ वर्षीय भतीजे शैलेन्द्र पुत्र राधेश्याम के साथ अपनी कार से मिश्रिख जा रहे थे। टड़ियावां थाने के मेडिकल कालेज (गौराडांडा) के पास



अचानक टायर फटने से बेकाबू हुई कार नाले में जा गिरी। जिससे उस पर सवार युवक की मौत हो गई और ३ लोग जख्मी हो गए। हादसे का पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। बताया गया है कि टड़ियावां थाने के करनपुर जिगनिया मजरा जयराजपुर निवासी ३५ वर्षीय डा.राजकमल पुत्र राम चरन सीतापुर जिले के मिश्रिख में दवाखाना चलाते हैं। डा.राजकमल शनिवार की रात शहर में एक समारोह में शामिल होने के बाद रविवार की सुबह अपनी ३३ वर्षीय पत्नी जीवा, अचानक कार का टायर फट गया, जिससे बेकाबू हुई कार सड़क से नीचे नाले में जा गिरी। हादसा होते ही वहां हड़कंप मच गया। आनन–फानन में कार सवार लोगों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाल कर मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। वहां शैलेन्द्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं डा.राजकमल के बेटे अर्थव की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने कहा-देश का ग्रोथ इंजन बनने को यूपी है तैयार

लखनऊ। राजधानी में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिरकत की। राष्ट्रपति ने कहा कि अपनी नीतियों और पारदर्शी कामकाज में तकनीक को शामिल कर वास्तव में उत्तर प्रदेश ने ये



सिद्ध कर दिया है कि वो नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने में न केवल तैयार है बल्कि सक्षम भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि यूपी देश में आलू उत्पादन समेत कई क्षेत्रों में नंबर एक पर है। उन्होंने कहा कि यहां योगी सरकार ने ओडीओपी के जरिये किसानों और उद्यमियों को एक बेहतर विकल्प दिया है और वैश्विक स्तर पर यूपी की धाक जमी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में केंद्रीय बजट में ७ लक्ष्य तय किये गए हैं और उत्तर प्रदेश उनपर काम शुरू कर चुका है। उन्होंने कहा कि फूड प्रोसेसिंग पालिसी २०२० के जरिये किसानों को शामिल कर कृषि उपज और आय दोनों बढ़ी हैं। राष्ट्रपति ने इस मौके पर आये सभी निवेशकों और यूपी की २५ करोड़ जनता का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने जो पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है उसमें योगी जी की १ ट्रिलियन डॉलर की यूपी की इकनमी का बड़ा महत्त्व है। भारत को आगे ले जाने में उत्तर प्रदेश के इस प्रयास को हमेशा याद किया जाएगा। राष्ट्रपति ने योगी सरकार के देश की अर्थव्यवस्था और यूपी में निवेश के लिए माहौल बनाने को लेकर सीएम योगी की तारीफ की। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मंच पर स्वागत किया। सीएम योगी ने राष्ट्रपति को बताया कि इस निवेश महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश को ३३ लाख ५० हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिसके जरिये धरातल पर ६३ लाख रोजगार युवाओं को मिलेंगे। सीएम योगी ने कहा कि यूपी सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है,जहां सबसे ज्यादा स्किल्ड और नॉन स्किल्ड मैनपावर है। इस निवेश महाकुम्भ में आने वाली कंपनियों को इनके दक्ष हुनर को इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। सीएम योगी ने कार्यक्रम में ६ देशों के उच्चायुक्त और प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस समिट में १७० से ज्यादा कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त १०० से भी ज्यादा कंपनियों ने अपने स्टाल में अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया। सीएम योगी ने कहा कि जहां ६ साल पहले यूपी को एक बीमारू राज्य मना जाता था वहीं इस निवेश महाकुम्भ में यूपी के कमजोर माने जाने वाले बुंदेलखंड को ४ लाख करोड़ से ज्यादा और पूर्वांचल को ६ लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि सबसे ज्यादा बड़ी बात ये है कि यूपी में होने वाले निवेश से प्रदेश के सभी ७५ जिलों में एक साथ उद्योग से जुडी गतिविधियों का संचालन होगा। सीएम योगी ने राष्ट्रपति के आगमन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए मन्त्र का अनुसरण कर उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर नए कीर्तिमान बनाएगा।

# दुष्कर्म का आरोपित पुलिस मुठभेड़ में घायल, पैर में लगी गोली

हरदोई। घर के अंदर सो रही तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने के बाद दुष्कर्मी पुलिस की गाड़ी से कांस्टेबिल की राइफल छीन कर भाग निकला और उसने पुलिस पर गोली चला दी। जिसके चलते उसकी पुलिस से सीधी मुठभेड़ हुई। जिससे पैर में गोली लगने से वह जख्मी हो गया। इस बारे में एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया है कि बच्ची का मेडिकल कराया गया है और दुष्कर्मी का इलाज कराया जा रहा है। बताया गया है कि रविवार की रात को मल्लावां कोतवाली के लजगरी मजरा बाबटमऊ गांव में एक तीन साल की बच्ची घर में सो रही थी। उसी बीच गांव निवासी मुकद्दर पुत्र हब्बू घर में घुस गया और सो रही बच्ची के साथ दुष्कर्म करने लगा। बच्ची के चीखने की आवाज सुन कर जब आस-पड़ोस के लोग दौड़े,उसी बीच मुकद्दर वहां से भाग निकला। पुलिस ने दी गई तहरीर पर उसके खिलाफ धारा ३७६ए ४५२ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और फौरी कार्रवाई करते हुए मुकद्दर को राघौपुर-कन्नौज रोड से पकड़ लिया। बताया गया है जब उसे पुलिस की गाड़ी में बैठाया जा रहा था,उसी बीच वह कांस्टेबिल के हाथ से राइफल छीन कर भाग निकला। पुलिस के जवान जब उसे पकड़ने दौड़े तो उसने उन पर गोली चला दी। इस पर पुलिस की तरफ से भी गोली चलाई गई। जिससे दुष्कर्मी मुकद्दर पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया है। वहीं मेडिकल के लिए बच्ची को मेडिकल कालेज लाया गया ।मल्लावां कोतवाली इलाके में दुष्कर्म का शिकार हुई बच्ची और दुष्कर्मी दोनों का डीएनए टेस्ट कराने के लिए सोमवार को यहां मेडिकल कालेज में डाक्टरों की टीम ने उनकी सैम्पलिंग की। पुलिस के मुताबिक दूध का दूध और पानी का पानी अलग-अलग करने के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

# बाजारों में प्रत्येक सप्ताह 'क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन' का होगा आयोजनः संजय गुप्ता

लखनऊ। 'उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल तकरोहीं बाजार' के तत्वाधान में तकरोही बाजार ,इंदिरा नगर में क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलनष का आयोजन हुआ। क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन षें मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रुप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मौजूद रहे तथा क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन षें तकरोही बाजार एवं उसके आसपास की बाजारों के व्यापारी भारी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन में तकरोही बाजार के व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता का फूल मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि संजय गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई,तकरोही मार्केट के अध्यक्ष कुलदीप यादव एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह ने सम्मेलन में तकरोही बाजार की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। तकरोही अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बाजारों में लगातार कम हो रहे ग्राहकों के विषय पर चिंता जताई तथा बैंकों के बढ़े हुए ब्याज, नगर निगम द्वारा दुकानों को सुबह-सुबह सील किए जाने का मुद्दा उठाया। साथ ही बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, महिला इकाई की अध्यक्ष अंजलि मौर्या ने तकरोही बाजार में महिला व्यापारियों एवं महिला ग्राहकों हेतु पिंक टॉयलेट की कमी का मुद्दा उठाया। 'क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों के मान सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा तथा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा सभी समस्याओं का समाधान संबंधित अधिकारियों से मिलकर कराया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा विदेशी ई-कमर्स कंपनियों के कारण तथा राजधानी में मॉल कल्चर बढ़ने के कारण परंपरागत बाजारों से ग्राहक कम हो रहे हैं। उन्होंने व्यापार बढ़ाने का गुर सिखाते हुए व्यापारियों से आहवाहन करते हुए कहा कि परंपरागत व्यापारियों को एकजुट होकर सामूहिक रूप से अपनी बाजारों में महोत्सव सा वातावरण बनाना होगा तथा व्यापारिक स्थल को स्वच्छ एवं भव्य बनाना होगा ताकि अधिक से अधिक ग्राहक पारंपरिक बाजारों में आए। साथ ही साथ परंपरागत व्यापारियों को भी ई-कॉमर्स के प्लेटफार्म पर अपने साधनों से आना होगा। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम के माध्यम से तथा अपनी वेबसाइट एवं पोर्टल बना करके भी अपने व्यापार को ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ला सकते हैं।

# नकल माफिया पर लगेगा एनएसए, इस बार होगी पहले से भी ज्यादा सख्ती

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) २०२३ की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षायें १६ फरवरी से शुरू हो जायेंगी। इससे पहले सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबदेवी प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियों और व्यवस्था को लेकर अहम जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा १६ फरवरी से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में पारदर्शिता के लिए केन्द्रों पर कड़ी निगरानी की जायेगी। इसके लिए लखनऊ में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में सीसी टीवी कैमरे से आनलाइन मनीटरिंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस नकल माफिया की भी निगरानी की जा रही है, यूपी एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की मदद ली जायेगी जो भी नकल कराते पकड़ा जायेगा उसके लिए नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जायेगी। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'माध्यमिक प्रबोधन' के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा, रूपेश कुमार, विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा, शासन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव, जेडी माध्यमिक लखनऊ मंडल सुरेन्द्र तिवारी सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने गुलाब देवी ने बताया मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस बार भी वर्ष २०२३ की नकल विहीन बोर्ड परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल ८७५३ परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर तथा राउटर संस्थापित किये गये हैं, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनीटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० के अन्तर्गत हाईस्कूल परीक्षा में २० अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा ओएमआर शीट पर करायी जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रथम बार प्रधानाचार्य कक्ष से पृथक कक्ष में प्रश्न-पत्रों के रख-रखाव हेतु स्ट्रांग रूम स्थापित किया गया है। उत्तर-पुस्तिकाओं की शुचिता बनाये रखने के दृष्टिगत प्रथम बार उत्तर-पुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड लगाया गया है। उत्तर-पुस्तिकाओं के बदलने आदि की सम्भावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रथम बार सभी जनपदों में सिलाईयुक्त उत्तर- पुस्तिकाओं की व्यवस्था की गयी है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि परीक्षा में गड़बड़ी की कोई शिकायत है तो उसे भी बताया जा सकेगा। इसके लिए लखनऊ से दो टोल फ्री नंबर १८००-१८०-६६०७, १८००-१८०-६६०८ और एक फैक्स नंबर ०५२२-२२३७६०७ जारी किया गया है। बोर्ड परीक्षा में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की निगरानी हेतु एसटीएफ एवं स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) को सम्पूर्ण परीक्षा अवधि तक सक्रिय रखा गया है, जिससे परीक्षा प्रश्न-पत्रों के प्रकटन के प्रयास की सम्भावना पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के परीक्षार्थी किस प्रकार अच्छे अंक प्राप्त कर सकें, इस हेतु प्रथम बार परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा एक निर्देशिका सुझाव तैयार कराकर बोर्ड की-वेबसाइट पर अपलोड कराया गया है। मंत्री ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनायें देते हुए उनसे बिना किसी तनाव के प्रसन्नचित होकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में परीक्षा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों, प्रधानाचार्यों तथा शिक्षकों से अपील की कि परीक्षा के इस महापर्व को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

# बुक्सा जनजाति से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की मुलाकात


लखनऊ। दो दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजधानी लखनऊ स्थित राजभवन में बुक्सा जनजाति के लोगों से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू में बुक्सा जनजाति के लोगों से उनकी समस्याओं पर भी बात की। वहीं उन्होंने जनजाति के पांच लोगों को जमीन के पट्टे भी दिए। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गांवों में भ्रमण करने और कई गांवों को गोद लेने पर उनकी प्रशंसा भी की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार जनजातियों के विकास के लिए काम कर रही है लेकिन, केवल सरकार के सहारे से काम नहीं चलेगा। हमारे अंदर भी आगे



बढ़ने का जुनून होना चाहिए और हमारी मानसिकता सशक्त होनी चाहिए। इसीलिए अपने मनबल को सशक्त करना होगा और दूसरे समुदाय के बच्चों के साथ प्रतियोगिता करनी होगी। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बिजनौर की बुक्सा जनजाति की सीमा और कविता रानी ने स्कूल, अस्पताल और आईटीआई व कोचिंग सेन्टर खोलने की मांग रखी। जिस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह सरकार से इस संबंध में बात करेंगी। इसके अलावा उन्होंने आह्वान किया कि जनजातियां अपने परंपरागत कार्यों से जुड़े रहते हुए आर्थिक क्षेत्र में उन्नति करें। पट्टे मिलने से प्रधानमंत्री आवास भी उन्हें मिल सकेगा। यह नहीं सोचना चाहिए कि हम जनजाति हैं तो पीछे हैं।

## सिद्धार्थ से बेहतर कोई और एक्शन फिल्म नहीं बना सकता : शाहरुख खान

मुंबई। फिल्म 'पठान' की सफलता से खुश सुपरस्टार शाहरुख खान ने मनोरंजक, बेहतर और तकनीकी रूप से अच्छी फिल्म बनाने का



श्रेय निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को दिया। यशराज फिल्म्स के बैनर तहत बनी यह फिल्म २५ जनवरी को रिलीज हुई थी और वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर उसकी कमाई ६०० करोड़ रुपये के आंकड़े के करीब पहुंच गई है। शाहरुख खान ने बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की रिकार्ड तोड़ सफलता का श्रेय आनंद एवं निर्माता आदित्य चोपड़ा को दिया। सुपरस्टार ने एक वीडियो में कहा, मेरा मानना है कि इस तरह की फिल्म को सिद्धार्थ से ज्यादा बेहतर कोई नहीं समझता। इस तरह के सिनेमा से वह भलीभांति परिचित हैं। सिद्धार्थ जिस तरह से ऐसी दुनिया रचते हैं, वह मुझे बहुत भाती है। उन्होंने कहा, यह एक एक्शन फिल्म है जो मेरे दिल के करीब है। मुझे लगता है कि बहुत सारे अच्छे लोगों की मदद से इतनी अच्छी फिल्म बनी है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

## डिजिटल तकनीक से हुआ जीवन आसान : अश्विनी वैष्णव

लखनऊ। केंद्रीय रेल, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि देश ने डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक यूनीक फ्रेमवर्क तैयार किया है जो आम लोगों के जीवन को आसान बनाने में मदद करेगा। पहली जी२० डिजिटल इकनमी वर्किंग ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुये श्री वैष्णव ने यहां कहा कि डिजिटल टेक्नोलजी हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। सरकार ने डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में एक यूनीक फ्रेमवर्क तैयार किया है जो न सिर्फ लोगों के जीवन को आसान बनायेगा बल्कि इससे लोगों की स्किल में बढोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की शुरुआत की है। पीपीपी मॉडल को एक उदाहरण यूपीआई से समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने एक प्लेटफॉर्म लांच करने के लिए पब्लिक स्टेकहोल्डर्स को इनवाइट किया। इनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, ई कॉमर्स समेत कई कंपनियां शामिल थीं। साथ ही इसमें १.२ बिलियन लोग भी शामिल थे। इसमें किसी एक कंपनी का एकाधिकार नहीं था। प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह कंप्लीट डिजिटल सॉल्यूशन बन गया। आज इसके माध्यम से सालाना १.५ ट्रिलियन यूएस डॉलर का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है और इसका एवरेज



सेटलमेंट टाइम महज दो सेकेंड है, जो शानदार है। वैष्णव ने कहा कि अरबों ट्रांजेक्शन सेकेंडों में पूरी पारदर्शिता के साथ हो रहे है। कोई एक कंपनी इसे नियंत्रित नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कोविड ने जब हमें परेशान किया तो इतनी बड़ी आबादी को वैक्सीनेशन कैसे किया जाता। सरकार ने एक प्लेटफॉर्म 'कोविन' शुरू किया जिसमें अरबों लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और हॉस्पिटल, क्लिनिक में दो अरब से ज्यादा वैक्सीनेशन का कार्य आसानी से हो गया। दिलचस्प बात ये थी कि वैक्सीनेशन से जुड़ा हर डाटा इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध था। टेलीकॉम टेक्नोलॉजी में भी भारत इसी तरह आगे बढ़ा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी इस दुनिया का भविष्य है और हम सभी इस भविष्य को एक साथ शेयर करने वाले हैं।

## ब्रेक लेने के फैसले पर उनके करीबी लोग उनका जमकर मजाक बनाते हैं: आमिर खान

मुंबई। जाने–माने अभिनेता आमिर खान ने बॉलीवुड से ब्रेक लेने का राज बताया है। आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' असफल



साबित हुई है। इसके बाद से आमिर खान ने बॉलीवुड से ब्रेक ले लिया है। आमिर ने बताया कि ब्रेक लेने के फैसले पर उनके करीबी लोग उनका जमकर मजाक बनाते हैं। आमिर खान ने कहा, 'वे मेरा मजाक बनाते हैं। मुझसे हमेशा कहते हैं कि तुम तो हमेशा ब्रेक पर ही रहते हो। तुम फिल्में करते ही कहां हो जो अब ब्रेक पर हो। देखो, अब अंतर यह है कि मेरा दिमाग अब केवल लोगों पर होता है। पहले मेरा दिमाग केवल फिल्मों पर होता था। उन्होंने कहा, "मैं करीब ३५ सालों से काम कर रहा हूं और केवल काम पर ही ६ यान दे रहा था। यह मेरे नजदीकी लोगों के लिए ठीक नहीं था। ये मेरे लिए भी कई मायनों में सही नहीं था। यह समय है जिंदगी को अलग तरह से अनुभव करने का।जब मैं एक एक्टर के तौर पर फिल्म बना रहा था तो मैं उसमें खो जाता था। मेरी जिंदगी में कुछ और हो भी नहीं रहा था। ऐसे में मैंने ब्रेक लेने का फैसला किया। मैं 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद 'चौंपियन' फिल्म करने वाला था। उसकी स्क्रिप्ट भी काफी अच्छी है। लेकिन मैं ब्रेक लेना चहताथा। मैं अपने परिवार, मम्मी और बच्चों के साथ रहना चाहता था।"

## फिल्म किसी का भाई किसी की जान का पहला गाना नइयो लगदा रिलीज, गाने में दिखी सलमान- पूजा की रोमांटिक केमिस्ट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान का पहला गाना नइयो लगदा रिलीज हो गया है। शकिसी का भाई किसी की जानश का पहला गाना नइयो लगदा रिलीज हो गया है। इस गाने में पूजा हेगड़े के सलमान खान की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली। इस गाने में सलमान– पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। किसी का भाई किसी की जान का प्रोडक्शन सलमान खान के ही प्रोडक्शन हाउस ने किया है। यह एक एक्शन पैक्ड फिल्म है, जिसे फरहाद सम्जी ने निर्देशित किया है। सलमान और पूजा के अलावा इस फिल्म में शहनाज गिल, पलक तिवारी, वेंकटेश दग्गुबाती, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल,



सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल और विनाली भटनागर जैसे सितारे नजर आएंगे। वहीं फिल्म में हनी सिंह और श्आरआरआरश फेम राम चरण का केमियो रोल भी देखने को मिलेगा। किसी का भाई किसी की जान २१ अप्रैल २०२३ को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक